B.A I

Date

डॉ० उमेश मल्लिक
इतिहास विभाग

अरबों में जन साधारण की स्थिति

अरब शासन काल में सिन्ध में जन साधारण की स्थिति अच्छी नही थी। दाहिर की तरह जाटो और मेदों के प्रति अरब वालो का व्यवहार उपेक्षापूर्ण था। अच्छे वस्त्र घोड़े की सवारी तथा सिर और पैर को ढकने की आज्ञा सर्वसाधारण को नही दी जाती थी। सुबेदारो को अभिवादन करने के समय निम्न श्रेणी के लोगों को अपने साथ कुत्ता ले जाना पड़ता था। मुसलमान यात्रियों को तीन दिन और तीन रातों तक मुफ्त भोजन देने का प्रबन्ध हिन्दुओं को करना पड़ता था। एक अत्याचार का स्थान दूसरे अत्याचार ने ले लिया था और जनसाधारण को अत्याचार के सामने झुकना पड़ता था। सर्वसाधारण की दृष्टि से अरबों का शासन सन्तोषजनक नही था। इस्लाम धर्म स्वीकार करने वाले हिन्दू आर्थिक सुविधा की स्थिति में थे। उनपर अपेक्षाकृत कम अत्याचार होता था फिर भी तुर्कों की तुलना में अरब-शासन अधिक उदार था।

समाप्त